an>

Title: Need to give clearance to lift irrigation scheme in Solapur Parliamentary Constituency, Maharashtra.

एडवोकेट शरदकुमार मारुति बनसोडे (शोलापुर): अध्यक्ष महोदया, मेरे शोलापुर लोक सभा चुनाव क्षेत्र के तहसील मंगलडा में 35 गांव पीने के पानी और सिंचाई से वंचित हैं। अगर शोलापुर के उजनी डैम के राइट केनाल (किलोमीटर 91) से माण्ड नदी पर गुंजेगावं के यहां बैराज के एसकैप चैनल से पानी छोड़ कर वहां से दो स्टेजेस में लिफ्ट ईरीगेशन किया जाता है तो इन 35 गांवों को पानी की किल्लत से मुक्त किया जा सकता है। महाराष्ट्र सरकार ने दो टीएमसी पानी उपलब्ध कराने के लिए मंगलवाड़ा लिफ्ट इरीगेशन स्कीम के लिए 530 करोड़ रुपया सैंक्शन किया है मगर पर्याप्त निधि न होने के कारण और सेन्ट्रल गवर्नमेंट से एनवॉयरनमेंट क्लिअरेंस न मिलने के कारण लिफ्ट इरीगेशन स्कीम अभी तक कार्यान्वित नहीं हो पा रही है। इन 35 गांवों में पीने का पानी न मिलने के कारण टैंकर से पानी की सप्लाई करनी पड़ती है और अकाल के कारण यहां के किसान अपनी खेती भी नहीं कर पाते हैं। इसलए आपके माध्यम से मैं सरकार से अपील करता हूं कि मंगलवाड़ा की लिफ्ट इरीगेशन स्कीम को जल्द से जल्दी एनवॉयरनमेंट क्लिअरेंस दिया जाए और एज ए एक्सेपशनल स्पेशल केस के रूप में निधि उपलब्ध कराई जाए। धन्यवाद।